# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

## मनगवां थाना के रघुनाथगंज के पास बीती शाम हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 जुलाई, जिले के मनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथगंज के समीप बीती शाम हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है. घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन मौके से चालक सहित फरार हो गया है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को पीएम के लिए अस्पताल में रख दिया है.**



घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरगांव निवासी सुमित विश्वकर्मा ग्राम पनिगवा निवासी रज्जन विश्वकर्मा के साथ बीती शाम तकरीबन 6:30 बजे बाइक से देवतालाब से रघुनाथगंज की ओर जा रहे थे. बताया गया है जैसे ही दोनों बाइक सवार युवक रघुनाथगंज के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक बाइक से उछलकर दूर जा गिरे. इस दौरान दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गई. घटना की सूचना तत्काल स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया और अज्ञात वाहन सहित चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

### मैहर में हुई 269 .4 मिमी वर्षा

**मैहर 23 जुलाई.** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 23 जुलाई 2026 तक 269.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 173 मि.मी., मैहर में 195.3 मि.मी. एवं रामनगर में 439.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# पास्को एक्ट के आरोपी ने लगाई फांसी

## आक्रोशित परिजनों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**सीधी, 23 जुलाई. पुलिस की दबिश रात में पडने़ पर घर से भागे पास्को एक्ट के फरार आरोपी ने फांसी के फंदे में झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।**

सुबह परिजनों को घटना की जानकारी मिलने पर पंचनामा के पश्चात जब शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली ले जाया जा रहा था उस दौरान एंबूलेंश को रोंककर परिजनों ने शव को उतारकर मझौली-सीधी मार्ग में छुही गोदाम के समीप मुख्य सड? पर रखकर चक्काजाम सुबह करीब 11 बजे से शुरू कर दिए। चक्काजाम की जानकारी मिलते ही मझौली, सीधी, कुसमी, मड़वास, टिकरी, पथरौला से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। एसडीओपी मझौली-कुसमी संतोष तिवारी, एसडीएम आरपी त्रिपाठी, तहसीलदार दिलीप सिंह द्वारा परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देना शुरू किया गया। अंततः एसडीओपी के आश्वासन के पश्चात दोपहर करीब 3 बजे समाप्त हुआ।



मिली जानकारी के अनुसार आरोपी चिंतामणि उर्फ सोनू यादव पिता रमेश यादव उम्र 21 वर्ष निवासी छुही एवं उसके एक साथ ही विरुद्ध नाबालिग से दुष्कर्म का मामला एक पखवाड़े पूर्व मझौली थाना में दर्ज हुआ था। तभी से पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिए चिंतामणि उर्फ सोनू यादव फरार चल रहा था। जबकि घटना में शामिल दूसरे आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका था। बुधवार की शाम मझौली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी चिंतामणि उर्फ सोनू यादव घर आया हुआ है। जिसके बाद मझौली थाना पुलिस बल मौके पर गिरफ्तारी के लिए रात में पहुंचा किंतु परिजनों द्वारा कड़ा विरोध शुरू कर दिया गया।

### आधा दर्जन थानों से पहुंचा पुलिस बल

सूचना पाकर मझौली थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली ले जाने के लिए एंबूलेंश में रखवाकर रवाना हुई। कुछ आगे पहुंचने पर एंबूलेंश को परिजनों द्वारा रुकवा दिया गया। साथ ही शव को नीचे उतारकर मझौली-सीधी मुख्य मार्ग में ले जाकर रखते हुए चक्काजाम शुरू कर दिया।

### इनका कहना है

परिजनो का आरोप था कि पुलिस द्वारा इस दौरान घर के लोगों से मारपीट की गई है। इस मामले में हमने लिखित रिपोर्ट लेकर घायल महिला की एमएलसी करा ली है। आगे विवेचना में जो दोषी होगा कार्रवाई होगी। आज सुबह पुलिस फरार आरोपी के फांसी में झूलने पर मर्ग विवेचना में आई थी.

**संतोष तिवारी**
एसडीओपी कुसमी/मझौली

# सराफा -अंबेडकर चौक में जांच, नियम तोड़ने वालों के कटे चालान

## अवैध पार्किंग और दस्तावेजों में लापरवाही पर आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 23 जुलाई. शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित, सुचारु और जाममुक्त बनाए रखने के लिए गुरुवार को यातायात पुलिस ने ऑटो वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया।**



पुलिस अधीक्षक षियाज के.एम. के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष तिवारी के नेतृत्व में सराफा बाजार, अंबेडकर चौक सहित शहर के प्रमुख भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ऑटो वाहनों की सघन जांच की गई।

अभियान के दौरान ऑटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, फिटनेस, बीमा, वाहन संबंधी दस्तावेज तथा निर्धारित क्षमता के अनुरूप सवारी बैठाने की जांच की गई। वहीं मुख्य मार्गों, चौराहों और बाजार क्षेत्रों में अव्यवस्थित ढंग से खड़े ऑटो वाहनों को चिह्नित कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क किनारे मनमाने ढंग से ऑटो खड़ा करने से जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है।यातायात पुलिस ने ऑटो चालकों को हिदायत दी कि यात्रियों को बीच सड़क या व्यस्त चौराहों पर चढ़ाने-उतारने के बजाय केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें। साथ ही वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज वैध रखें और निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं। पुलिस ने कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर अवैध पार्किंग, बिना वैध दस्तावेज वाहन संचालन और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। सिंगरौली पुलिस ने नागरिकों और वाहन चालकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अनुशासित यातायात व्यवस्था सभी की जिम्मेदारी है और इसके पालन से ही शहर को सुरक्षित एवं जाममुक्त बनाया जा सकता है।

# नीट की तैयारी कर रही छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म

नवभारत न्यूज

**सतना 23 जुलाई. चित्रकूट जिला मुख्यालय से तकरीबन 12 किमी की दूरी पर देवांगना घाटी के जंगल में 3 बदमाशों द्वारा एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया. इसके साथ ही युवती के साथ मौजूद किशोर को मारपीट कर बांध दिया गया. इस गंभीर घटना के सामने आते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में टीम गठित करते हुए आरोपियों की तलाश शुरु कर दी गई.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नयागांव थाना क्षेत्र की निवासी 20 वर्षीय लड़की अपने पिता के साथ राजस्थान के कोटा में रहकर पढ़ाई कर रही थी. वह 12वीं के साथ-साथ नीट परीक्षा की तैयारी भी कर रही थी. कुछ दिनों पहले ही वह छुट्टियों में अपने घर आई थी. बताया गया कि लगभग सप्ताह भर पहले लड़की की पहचान एक 17 वर्षीय किशोर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी. इंस्टाग्राम पर देवांगना घाटी के सुंदर दृश्य देखकर लड़की द्वारा वहां घूमने की इच्छा जताई गई. किशोर द्वारा हामी भरने पर दोनों देवांगना घाटी पहुंच गए. जहां पर जंगल में मौजूद चट्टान पर बैठकर दोनों मोबाइल से रील बनाने लगे. बताया गया कि दोपहर के लगभग साढ़े 3 बजे वहां पर बाइक सवार 3 युवक पहुंच गए. स्वयं को वन विभाग का कर्मचारी बताते हुए उन्होंने पूछताछ शुरु कर दी. इसी दौरान वे लड़की के साथ छेड़छाड़ करने लगे. विरोध किए जाने पर एक ओर जहां तीनों ने मिलकर लड़के के पैर को बांध दिया और पीटने लगे. वहीं दूसरी ओर लड़की को घाटी से नीचे फेंकने की धमकी देने लगे. जिसके बाद तीनों युवक लड़की को घसीटते हुए झाड़ियों के पीछे ले गए और वहां पर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया.

### ताबड़तोड़ दबिश जारी

पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की जांच किए जाने पर बाइक सवार 3 युवक नजर आए हैं. जिसके जरिए उनकी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है. इसके साथ ही पुलिस द्वारा रात भर जंगल में सर्च अभियान चलाया गया. इसी कड़ी में रुट मैपिंग तैयार करते हुए सभी संभावित स्थानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी जा रही है. वहीं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा अपडेट लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं.


## पश्चिम मध्य रेल

प्रोफार्मा 10.01
"सार्वजनिक अधिसूचना"

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि पश्चिम मध्य रेल मंडल जबलपुर के निम्नलिखित खंड पर 2X25000 वोल्ट, 50 हर्टज एसी विद्युत कर्षण शिरोपरि तारो को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को उर्जित किया गया है। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाईनों को सब समय विधुन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की समीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्सन | CHAINAGE FROM | CHAINAGE TO | एनर्जाइजेशन कि तारीख |
|---|---|---|---|
| रामपुर नैकिन-चुरहट सेक्शन के बीच टर्नआउट, क्रॉसओवर, लूप लाइनों और 04 नंबर एटी सहित स्थान RPNN/1269/22 से CHRT/1292/12 तक (नई बीजी सिंगल लाइन) | RPNN/1269/22 (Chainage 1269/528) | CHRT/1292/12 (Chainage 1232/220) | 25.08.2026 |

प्रोफार्मा 10.02
एसी 25 के वी कर्षण को चालू करना, (सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी)

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पश्चिम मध्य रेल के, जबलपुर मंडल के ओएचई स्थान RPNN/1269/22 से CHRT/1292 / 12 तक (नई बीजी सिंगल लाइन) फुलवारी देवेंद्र नगर सेक्शन पर 2X25000 वोल्ट, 50 हर्टज एसी विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.75 मी. की स्पष्ठ उचाई पर उचाई मापक लगाये गये है। बहुत अधिक उचाई वाले लोड को विधुन्मय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या संपर्क में आने रोका जा सके । जन साधारण को एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लादने के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट उचाई का पालन करे और देखे की सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में उचाई मापक का अति लंघन न करे।

| सेक्सन | CHAINAGE FROM | CHAINAGE TO | एनर्जाइजेशन कि तारीख |
|---|---|---|---|
| रामपुर नैकिन चुरहट सेक्शन के बीच टर्नआउट, क्रॉसओवर, लूप लाइनों और 04 नंबर एटी सहित स्थान RPNN/1269/22 से CHRT/1292/12 तक (नई बीजी सिंगल लाइन) | RPNN/1269/22 . (Chainage 1269/528) | CHRT/1292/12 (Chainage 1232/220) | 25.08.2026 |

आत्यधिक उचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है :-
1. उचाई मापक के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाईन पर वाधा, 2. वाहन पर ले जाये जा रही सामग्रीयों या उपस्कर को खतरा।, 3. चालकों की खतरनाक सामीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा और जीवन हानि का खतरा।(हस्ता.)

उप मुख्य विद्युत अभि. (निर्माण)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# यूपी के बदमाशों ने महिला का लूटा था मंगलसूत्र

## दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 23 जुलाई, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर बाइक सवार महिला से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को रीवा जिले की जनेह पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है. पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से लूट का माल बरामद कर लिया गया है. पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है.**

घटना के संबंध में जनेह थाना प्रभारी प्रवीण उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपी एमपी बॉर्डर में स्थित बाइक सवार होकर आए दो बदमाशों ने महिला मीरा वर्मा निवासी नहाईगढ़ जिला चित्रकूट उत्तर प्रदेश जो पति के साथ बाइक से जा रही थी उसके गले से मंगलसूत्र खींच लिया था. महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने मुक्का मार दिया जिससे महिला गिर गई थी और सिर में चोट आई थी. महिला की शिकायत मिलने कर पुलिस मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही थी. थाना प्रभारी ने बताया कि वारदात के दौरान आरोपी सीसीटीवी में नजर आए थे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी के रूप में की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया. पकड़े गए आरोपियों में वैभव 19 वर्ष एवं निखिल 20 वर्ष निवासी उत्तर प्रदेश दोनों आरोपी नशे के आदि बताए गए है. पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से लूट का मंगलसूत्र बरामद कर लिया है वहीं क्षेत्र में हुई अन्य वारदातों के संबंध में भी आरोपियों से पूछताछ की गई है जिसके बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया.

# बारिश में गड्ढों ने बनाया तालाब हर पल जान का खतरा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 जुलाई। देश को ऊर्जा देने वाली एशिया की प्रमुख ताप विद्युत परियोजनाओं में शामिल एनटीपीसी विंध्याचल के आसपास की सड़क इन दिनों बदहाली की मिसाल बन गई है।**

चेकपोस्ट तेलगवां से शक्तिनगर बायपास की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग बारिश के बाद सड़क कम और तालाब अधिक नजर आ रहा है। गहरे गड्ढों में भरे पानी ने पूरी सड़क को मौत के जाल में बदल दिया है, जिससे हर गुजरने वाला वाहन चालक दुर्घटना के साये में सफर करने को मजबूर है। हालात इतने खराब हैं कि राहगीरों को यह तक समझ नहीं आता कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा जोखिम उठा रहे हैं, जबकि भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बरसात में यही भयावह स्थिति बनती है, लेकिन जिम्मेदार विभाग केवल कागजी आश्वासन देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं।

# राहुल गांधी की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर सीधा हमला है :ज्ञान

नवभारत न्यूज

**सीधी, 23 जुलाई. छात्रों की न्यायपूर्ण मांगों के समर्थन तथा संसद परिसर में धरने पर बैठे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया।**

इसी क्रम में सेमरिया बाजार में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेमरिया के अध्यक्ष अरविंद तिवारी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

# सतना जिले में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन

नवभारत न्यूज

**सतना 23 जुलाई. जिले के समग्र और दीर्घकालीन विकास को गति देने के उद्देश्य से जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है।**

यह समिति मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के निर्देशों के अनुसार गठित इस समिति में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अध्यक्ष होंगे, जबकि सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार समिति में सदस्य के रूप में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह, चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, रामपुर बघेलान विक्रम सिंह एवं सतना सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा को शामिल किया गया है। इसके अलावा महापौर नगर पालिक निगम सतना योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोहावल राजेश रावत, मझगवां श्रीमती रेणुका जायसवाल, उचेहरा अंजू भागवेन्द्र सिंह परिहार, नागौद श्रीमती अल्पना उमेश प्रताप सिंह एवं रामपुर बघेलान रावेन्द्र सिंह छोटू को सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार विभिन्न क्षेत्रों से नामित 20 प्रतिनिधियों में जिलाध्यक्ष सतना भगवती प्रसाद पाण्डेय, विनोद यादव, चन्द्रकमल त्रिपाठी, प्रहलाद कुशवाहा, श्रीमती सुष्मिता सिंह, बाबूलाल सिंह पटेल, विजय तिवारी, अधिवक्ता, अशोक गुप्ता, कन्हैया लाल पोहानी, राजाराम त्रिपाठी, सुधीर सिंह तोमर, अनिल जायसवाल, कृष्ण कुमार पाण्डेय, रामसहाय गौतम, मनीष प्रताप सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, अरूण सिंह परिहार, अरूण तिवारी, शेर सिंह तथा विद्याधर तिवारी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। समिति के सदस्य-सचिव के रूप में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सतना जिले में अब तक 341 .3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना 23 जुलाई** जिले में इस वर्ष 1 जून से 23 जुलाई तक 341.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 432 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 299.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 387.2 मि.मी, बिरसिंहपुर में 456 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 388.2 मि.मी., नागौद में 358.3 मि.मी., जसो (नागौद) में 136.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 273 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

# कमिश्नर ने रीवा-सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण कार्य की समीक्षा की

## रेलवे के सभी प्रोजेक्ट पूरे करने एवं रेलवे लाइन से संबंधित सभी बाधाओं दूर करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज


**रीवा, 23 जुलाई, रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा से सीधी और सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण कार्य की समीक्षा की. समीक्षा बैठक में रीवा कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और इंजीनियर, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार उपस्थित रहे.**



सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा, सिंगरौली कलेक्टर गौरव बैनल, वन विभाग तथा विद्युत विभाग के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए. बैठक में कमिश्नर ने रेलवे के सभी डीएम और इंजीनियर को सभी प्रोजेक्ट समय पर पूरा करने के निर्देश दिए तथा कहा कि रेलवे लाइन एवं रेल प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य आ रही बाधाओं को प्राथमिकता से दूर कराएं. रामपुर नैकिन रेलवे प्रोजेक्ट का कार्य सितंबर माह तक पूरा करें. बैठक में बताया गया कि रेलवे लाइन में निश्चित अंतराल पर दो आरओबी बनाए जाने हैं. रीवा जिले के दो गावों बांसा एवं रौरा में रेलवे चेनेज क्रमांक 20200 एवं 12000 में आरओबी निर्माण कार्य प्रस्तावित है, जिसका धारा 19 के तहत प्रकाशन भी किया जा चुका है और धारा 23 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है. कमिश्नर ने सीधी जिले के ग्राम झांझ, रायखोर, पटेहरा, मझियार में भूस्वामियों के मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली एवं उक्त सभी ग्राम में धारा 19 एवं धारा 23 के अंतर्गत कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए. कमिश्नर ने सिंगरौली जिले के कलेक्टर को निर्देश दिए कि कुछ स्थानों पर मुवावजे के लिए अनाधिकृत लोगों ने स्ट्रेक्चर एवं मकान बना रखे हैं उन्हें हटाते हुए सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधी कलेक्टर ने जानकारी दी कि ग्राम नौढिया में रेलवे परियोजना हेतु अधिकृत भूमि पर 19 परिवार के कच्चे मकान स्थित हैं.

### एचटी लाइन हटाने के आदेश

कमिश्नर ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि ग्राम कुर्सा एवं ढोगा क्षेत्र में स्थित एमपी पीटीसीएल की 132/220 केवी एचटी लाइन रेलवे एलाइनमेंट में बाधा उत्पन्न कर रही है. उसे तत्काल स्थानांतरित किया जाए. सीधी-देवसर के मध्य अति उच्च दाब 132 केवी की ट्रांसमिशन लाइनों को हटाने एवं मार्ग परिवर्तन का कार्य भी शीघ्र किया जाए. उल्लेखनीय है की ट्रांसमिशन लाइन को हटाने के लिए विद्युत विभाग को राशि का भुगतान भी रेलवे द्वारा कर दिया गया है.



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99